देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 172 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...झूठा श्रेष्ठताबोध



पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2020

PAGE 3 PUBLICATION



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0° | 37244.59

2 न्यूजीलैंड ने कोरोना पर पाई विजय

7 रविंद्र जडेजा की शानदार फील्डिंग

## संक्षिप्त समाचार

### तबलीगी केस सुको की तल्ख टिप्पणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हाल के दिनों में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का श्सबसे अधिक दुरुपयोग्श हुआ है। चीफ जस्टिस एस ए बोबडे, जस्टिस ए एस बोपन्ना और जस्टिस वी रामा सुब्रमणियन की पीठ ने जमीयत उलेमा ए हिंद और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह तल्ख टिप्पणी की। इन याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि कोविड–19 के दौरान हुए तबलीगी जमात के कार्यक्रम पर मीडिया का एक वर्ग सांप्रदायिक विद्वेष फैला रहा था।

### रिपब्लिक टीवी ने पैसे देकर रेटिंग बढ़ाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। सुशांत केस में मुंबई पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मुंबई पुलिस के कमिश्नर परमबीर सिंह ने बताया है कि मुंबई काइम ब्रांच ने नए रैकेट का खुलासा किया है। इसका नाम फॉल्स टीआरपी रैकेट है। ये रैकेट करोड़ों रुपये के राजस्व का मुनाफा कमा रहा था। इस मामले में पुलिस कमिश्नर ने सीधे तौर पर रिपब्लिक टीवी को आरोपी मानते हुए कहा कि चैनल ने पैसे देकर रेटिंग बढ़ाई। टीआरपी रैकेट के जरिए पैसा देकर टीआरपी को मैन्यूप्लेट (हेरफेर) किया जा रहा था।

### भारतीय वायु सेना ने दुनिया को दिखाई अपनी ताकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली से सटे गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन में बृहस्पतिवार को 88वां वायुसेना दिवस मनाया गया। इस मौके पर आकाश मिसाइल, ध्रुव हेलिकॉप्टर, मिराज–2000, जगुआर, तेजस, सुखोई–30 एमकेआई, रोहिणी रडार सिस्टम, अपाचे हेलिकॉप्टर और सी–130जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान शामिल हुए। इस दौरान राफेल की उड़ान ने लोगों को रोमांचित किया। एयर शो के दौरान सारंग हेलिकॉप्टर ने डॉल्फिन लीप का प्रदर्शन किया।

# सोलर फार्मिंग से मिलेगा स्वरोजगार

## मुख्यमंत्री सौर ऊर्जा स्वरोजगार योजना शुरू, सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने योजना का किया शुभारम्भ

**संवाददाता**

देहरादून। सोलर फार्मिंग द्वारा स्वरोजगार के लिए उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना का विधिवत शुभारम्भ हो गया है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार मे आयेजित कार्यक्रम में योजना का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के एक अंग के रूप में संचलित इस योजना में 10 हजार युवाओं व उद्यमियों को 25–25 किलोवाट की सोलर परियोजनाएं आवंटित की जाएंगी। प्रदेश के युवाओं और वापिस लौटे प्रवासियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही हरित ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना योजना का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में मिलने वाले सभी लाभ इस योजना के विकासकर्ताओं को भी अनुमन्य होंगे। **भू-परिवर्तन में एक सप्ताह से**

### हरित ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना योजना का लक्ष्य

**अधिक समय न लगेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के आवेदन की प्रक्रिया को सरलतम रखा जाए। भू– परिवर्तन में एक सप्ताह से अधिक नहीं लगना चाहिए। इससे अधिक समय लगने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जो टार्गेट तय किए जाते हैं, वे निर्धारित समयावधि में जरूर पूरे हो जाने चाहिए। संबंधित अधिकारी योजना के प्रति पूरी तरह से समर्पित होकर काम करें। कोविड के कारण व्यर्थ चले गए चार माह की भरपाई अगले आठ माह में करनी है। इसलिए दोगुनी ऊर्जा से काम करना होगा। **स्वरोजगार और हरित ऊर्जा का उत्पादन मुख्य उद्देश्यः** सचिव ऊर्जा श्रीमती राधिका झा ने बताया



कि प्रदेश के युवाओं और वापिस लौटे प्रवासियों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही हरित ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना, योजना का लक्ष्य है। इसमें 25 किलोवाट क्षमता के ही सोलर प्लांट अनुमन्य किए जाएंगे। राज्य के स्थाई निवासी अपनी निजी भूमि या लीज पर भूमि लेकर सोलर पावर प्लांट की स्थापना कर सकते हैं।

**इंटीग्रेटेड फार्मिंग से होगी आय**

इंटीग्रेटेड फार्मिंग की इस योजना में सोलर पैनल लगाने के साथ उसी भूमि पर मौन पालन, फल, सब्जी और जड़ी–बूटी आदि का उत्पादन भी किया जा सकता है। संयंत्र स्थापित की जाने वाली भूमि पर जलवायु आधारित औषधीय और स्कन्ध पादपों के बीज निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

### बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंकों की इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी बैंकों से लगातार सम्पर्क और समन्वय बनाए रखें। स्वरोजगार योजनाओं को सकारात्मक तरीके से लिए जाने की जरूरत है। डीएलसीसी बैठकों में स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता से हो। हम सभी का दायित्व है कि युवा बिना किसी परेशानी के स्वरोजगार योजनाओं से लाभ उठा सकें।

विस्तृत खबर पेज 8 पर...

# सीएम ने किया संचार की नवीनतम प्रणाली क्यू.डी.ए का शुभारम्भ

## इस तकनीक का उपयोग करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने संचार की नवीनतम प्रणाली क्यू.डी.ए का शुभारम्भ किया। इस तकनीक का उपयोग करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है। दूरस्थ ग्रामों के नो सिंगल एरिया में संचार के लिए एसडीआरएफ द्वारा क्विक डिप्लोएबल एंटिना स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने एसडीएमए, दून उत्तराखंड कन्ट्रोल रूम से प्रदेश के चमोली जिले के मलारी, पिथौरागढ़ जिले के गुंजी और देहरादून जिले के त्यूणी क्षेत्र के प्रधान और ग्रामवासियों से क्यूडीए से सम्पर्क स्थापित कर प्रणाली का उत्तराखण्ड में शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने एसडीआरएफ के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रणाली उत्तराखंड





में किसी भी आपदा रूपी संकट के दौरान संजीवनी स्वरूप है जिसके दूरगामी परिणाम अत्यंत सुखद और लाभकारी होंगे। सभी ग्रामवासियों ने क्षेत्र को डिजिटल प्रणाली से जोड़ने ओर पूर्व में सेटेलाइट फोन वितरण के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। क्यूडीए से सम्पर्क के दौरान मलारी से श्री मंगल सिंह राणा, श्री शेर सिंह राणा, बच्चन सिह राणा, गुंजी से कुमारी लक्ष्मी, श्रीमती मानवती देवी, श्री संतोष सिंह और त्यूणी से मातवर सिह चौहान, श्री गोविंद शर्मा , श्रीमती अंजली गुसाई, श्रीमती ममता सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रदेश के सुदूरवर्ती एवमं सीमांत क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य के सभी जनपदों में संचार की दृष्टि से कमजोर क्षेत्रों में 248 सेटेलाइट फोन वितरित किये थे। इस काम को को गति और व्यापकता देते हुए एसडीआरएफ द्वारा नवीनतम टेक्नोलॉजी क्यू.डी.ए (क्विक डिप्लोएबल एंटिना) का क्रय किया गया। शेष भाग पेज 3 पर...

# सीएम ने किया वन एवं वन्य जीव हेल्प लाइन 1926 का लोकार्पण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में वन विभाग द्वारा तैयार की गई वन एवं वन्य जीव हेल्पलाइन 1926 का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस हेल्पलाइन की शुरुआत को वनों की सुरक्षा एवं मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा मे की गई प्रभावी पहल बताया है।

वन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हेल्पलाइन आम जनता को वन एवं वन्य जीवों के कारण होने वाली समस्याओं के समाधान में तभी कारगर साबित होगी जब विभागीय अधिकारी प्राप्त शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लिये मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकना बड़ी चुनौती रही है। यह हेल्पलाइन इसमें मददगार साबित हो इसके लिए समेकित प्रयासों की उन्होंने जरूरत बतायी। उन्होंने

### लोकार्पण

- वन एवं वन्य जीवों से सम्बन्धित समस्याओं का होगा त्वरित समाधान
- प्रदेश के दूर दराज क्षेत्रों में घटित होने वाली घटनाओं की मिलेगी त्वरित जानकारी

कहा कि इससे वनों में होने वाली घटनाओं, वनों की तस्करी रोकने, जंगली जानवरों के अवैध शिकार जैसी तमाम समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जंगली पशुओं के फसलों को हो रहे नुकसान को कम करना भी एक बड़ी समस्या है। इसके लिए वनों में वन्य जीवों के लिए भोजन की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए कार्ययोजना बनाये जाने की भी जरूरत बतायी। मुख्यमंत्री ने इस सम्बन्ध में समय–समय पर व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित किये जाने के भी निर्देश दिये ताकि वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण में जन सहभागिता भी सुनिश्चित हो सके।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत में जासूसी के लिए चीन ने चली नई चाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में भारतीय जमीन पर कब्जा करने की फिराक में लगा चीन अब पूर्वोत्तर भारत में नया मोर्चा खोल रहा है। चीन अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर आम नागरिकों की आवाजाही को बढ़ा दिया है। ये चीनी नागरिक अरुणाचल प्रदेश में पहाड़ी दर्रो पर अपनी नजर गड़ाए हुए हैं।

### अरुणाचल प्रदेश में पहाड़ी दर्रो पर अपनी नजर गड़ाए हुए हैं

इन इलाकों में घूम लगा रहे चीनी आम नागरिक हैं लेकिन सेना की वर्दी पहने हुए हैं।

चीन इसी तरह की हरकत लद्दाख में खासतौर पर देमचोक इलाके में कर चुका है। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अरुणाचल में आम नागरिकों की मदद से एलएसी पर दर्रो की रेकी करने की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। यहां पर जासूसी करने वाले चीनी नागरिक सेना की वर्दी पहनकर आ रहे हैं जिससे चीन की चाल को लेकर भारतीय सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

बताया जा रहा है कि चीनी नागरिकों को वर्दी पहनकर आने के लिए कहा गया है ताकि वे देखने में चीनी सैनिक या सीमा प्रहरी लगें।